झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

राष्ट्र निर्माण सेना

20 Oct 2025

Follow us on



RN Sir
(Physical Trainer)

SSC | RAILWAY | BANK
JSSC | DEFENCE - ARMY
CAPF | POLICE | Other Competitive Exam


Website : www.rnsacademy.in
Email : academyrns@gmail.com


Daily Current Affairs Booster


Contact : 8084818282, 9113365645


# Daily Current Affairs


Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

## 20 अक्टूबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने चार प्रमुख रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दे दी हैं। ये मल्टीट्रैकिंग परियोजनाएं 24,634 करोड़ की हैं। ये मल्टीट्रैकिंग परियोजनाएं भारतीय रेलवे नेटवर्क का लगभग 894 किलोमीटर तक विस्तार करेगी। ये परियोजनाएं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, गुजरात और छत्तीसगढ़ में फैली हुई हैं। भुसावल वर्धा मार्ग पर तीसरी और चौथी लाइन बिछाई जाएगी। यह खंड 314 किलोमीटर लंबा होगा। इसकी अनुमानित लागत 9,197 करोड़ हैं। इसके पांच वर्षो में पूरा होने की उम्मीद हैं।
- प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 5 लाख से अधिक ऋण आवेदनों को मंजूरी दी हैं। इस योजना का उद्देश्य घरो की छतों पर सौर ऊर्जा प्रणालियां स्थापित करने में सहायता करके स्वच्छ ओर किफायती सौर ऊर्जा को बढ़ावा देना है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के राष्ट्रीय पोर्टल के साथ एकीकृत जनसमर्थ पोर्टल के माध्यम से ऋणों की प्रक्रिया की जा रही है, जिससे एक सहज डिजिटल प्रक्रिया सुनिश्चित होती हैं। लाभार्थियों को सरल दस्तावेजों के साथ प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों पर 2 लाख तक के जमानत मुफ्त ऋण प्रदान किए जा रहे है।
- राष्ट्रीय स्कूल खेलो का 69वां संस्करण जम्मू और कश्मीर में आधिकारिक रूप से शुरू किया गया है। इस टूर्नामेंट का आयोजन युवा सेवा एवं खेल निदेशालय जम्मू ओर कश्मीर द्वारा किया गया। भारत भर से छात्र एथलीट प्रतिस्पर्धा के लिए एकत्रित हुए हैं। तीस टीमे भाग ले रही हैं। ये टीमे विभिन्न राज्यों ओर केंद्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करती हैं। इन खेलो में फुटबॉल, वुशु ताइक्वांडो और टेबल टेनिस शामिल हैं। क्षेत्र भर में छह अलग अलग स्थानों पर मैच आयोजित किए जाएंगे।
- इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 के 9वें संस्करण का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नई दिल्ली स्थित यशोभूमि में किया गया। यह कार्यक्रम दूरसंचार विभाग ओर सेलुलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से इनोवेट ट्रांसफॉर्म विषय के अंतर्गत आयोजित किया गया। आईएमसी 2025 को नवाचार ओर डिजिटल परिवर्तन पर केंद्रित एशिया का सबसे बड़ा दूरसंचार, मीडिया और प्रौद्योगिकी कार्यक्रम बताया गया हैं।
- लिंथाई चनम्बम ने जूडो जूनियर विश्व चैंपियनशिप में भारत के लिए पहला पदक जीतकर इतिहास रच दिया। पेरू के लीमा में आयोजित इस प्रतियोगिता में उन्होंने महिलाओं के 63 किलोग्राम वर्ग में कास्य पदक जीता।
- विश्व बैंक के वित वर्ष 2026 के लिए भारत के विकास अनुमान को बढ़ाकर 6.5% कर दिया हैं। यह जून में लगाए गए 6.3 प्रतिशत के पूर्व अनुमान से ज्यादा है। यह वृद्धि मजबूत घरेलू खपत और ग्रामीण क्षेत्रो में सुधार के कारण हैं। इसे वस्तु एवं सेवा कर सुधारों के सकारात्मक प्रभावों का भी समर्थन प्राप्त हैं। भारत के दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बने रहने की उम्मीद हैं। यह वृद्धि मुख्यतः लचीले उपभोक्ता खर्च से प्रेरित होगी।
- फ्रांसीसी प्रधानमंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू ने पदभार ग्रहण करने के मात्र 26 दिन बाद ही पद छोड़ दिया। उनके नवगठित मंत्रिमंडल को राष्ट्रीय सभा में विभिन्न राजनीतिक दलों की कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा। सरकार अविश्वास प्रस्ताव के जरिए सता से बेदखल होने के खतरे का सामना कर रही थी। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों पर समय से पहले चुनाव कराने और 2027 में अपना कार्यकाल समाप्त होने से पहले इस्तीफा देने का दबाव बढ़ रहा हैं।
- संयुक्त राष्ट्र अंतरिम सुरक्षा बल अबिएई में तैनात भारतीय शांति सैनिकों को अबिएई क्षेत्र में उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया गया। एक औपचारिक पदक परेड समारोह में मेजर जनरल रॉबर्ट याव अफराम, कार्यवाहक प्रमुख और यूनिसेफ के फोर्स कमांडर, ने भारतीय बटालियन की समर्पण भावना और पेशेवर कौशल की सराहना की। यह सम्मान भारत की शांति स्थापना अभियानो में वैश्विक नेतृत्व की स्थिति को पुनः पुष्टि करता है और अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं स्थिरता बनाए रखने की उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।
- भारत ओर पाकिस्तान के बीच लंबे समय से चला आ रहा सर क्रीक विवाद हाल ही में फिर चर्चा में आया है, जब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने क्षेत्र में किसी भी शत्रुतापूर्ण कार्रवाई के खिलाफ कड़ी चेतावनी दी ओर गूंजती ओर निर्णायक प्रतिक्रिया की बात कही, जो इतिहास ओर भूगोल को बदल सकती हैं। कश्मीर ओर सियाचिन जैसे बड़े मुद्दों के बावजूद, यह विवाद रणनीतिक ओर आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण बना हुआ हैं।
- रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ और त्रि सेवा संगठनो के साथ मिलकर नई दिल्ली में आयोजित एक राष्ट्रीय कार्यशाला में इंडियन रेडियो सॉफ्टवेयर आर्किटेक्चर संस्करण 1.0 जारी किया। यह भारत की सैन्य संचार प्रणाली में एक बड़ा तकनीकी मील का पत्थर है जो स्वदेशी, इंटरऑपरेबल ओर भविष्य के लिए तैयार सॉफ्टवेयर परिभाषित रेडियो के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. विश्व सांख्यिकी दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 19 अक्टूबर (B) 20 अक्टूबर
(C) 21 अक्टूबर (D) 22 अक्टूबर

**(B)** विश्व सांख्यिकी दिवस हर 20 अक्टूबर विश्व सांख्यिकी दिवस मनाया जाता हैं। इस दिवस पर एक वैश्विक सहयोगात्मक प्रयास का आयोजन किया गया, जिसमें संयुक्त राष्ट्र सूची आयोग के मार्गदर्शन का भी आयोजन किया गया। पहली बार विश्व सांख्यिकी दिवस 2010 को मनाया गया था। तब से हर पांच साल में यह दिवस मनाया जाता है।




**2. हाल ही में किसे 2025 के शास्त्र रामनुजन पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा ?**

(A) अलेक्जेंडर स्मिथ (B) जेमी ली कार्टिस
(C) डॉ आर आर्थर जेम्स (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** हाल ही में 2025 का शास्त्र रामानुजन पुरस्कार नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी संयुक्त राज्य अमेरिका के डॉ. अलेक्जेंडर स्मिथ को प्रदान किया जाएगा। 132 वर्ष से कम आयु के युवा गणितज्ञों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित करने हेतु सस्त्र विश्वविद्यालय द्वारा 2005 में सस्त्र रामानुजन पुरस्कार की स्थापना की गई थी।



**3. हाल ही में कौन राष्ट्रीय ऊंट स्थिरता पहल शुरू करेगा ?**

(A) UAE (B) सऊदी अरब
(C) भारत (D) जापान

**(C)** हाल ही में मत्स्य पालन, पशुपालन ओर डेयरी मंत्रालय भारत में ऊंटो की घटती संख्या में निपटने के लिए राष्ट्रीय ऊंट स्थायित्व पहल शुरू करने जा रहा हैं। भारत में विशेषकर ऊंट पालन वाले राज्यों राजस्थान ओर गुजरात में ऊंटों की संख्या में तीव्र गिरावट को रोकना ओर ऊंटो के संरक्षण के लिए बहुआयामी रणनीति लागू करना है।



**4. हाल ही में किसे 2025 का भौतिकी का नोबेल पुरस्कार दिया जाएगा ?**

(A) जॉन क्लार्क (B) जॉन एम मार्टिनिस
(C) मिशेल एच डेवोरेट (D) उपरोक्त सभी

**(D)** साल 2025 का भौतिकी का नोबेल पुरस्कार जॉन क्लॉर्क, मिशेल एच. डेवोरेट ओर जॉन एम. मार्टिनिस को संयुक्त रूप से दिया गया। इन तीनों वैज्ञानिकों को 2025 के नोबेल पुरस्कार से macroscopic quantum mechanical tunnelling ओर electric circuit में energy quantisation की खोज के लिए सम्मानित किया गया है। इस खोज ने क्वांटम कंप्यूटिंग के क्षेत्र में नई संभावनाएं खोली है।




**5. हाल ही में कौन मदरसा बोर्ड को खत्म करने वाला पहला राज्य बना है ?**

(A) उत्तराखंड (B) सिक्किम
(C) जम्मू कश्मीर (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** हाल ही में उत्तरखंड अल्पसंख्यक शिक्षा अधिनियम लाने वाला पहल राज्य बन गया हैं। अब मुस्लिम के साथ सिख ईसाई बौद्ध जैन ओर पारसी अल्पसंख्यक समुदाय के शैक्षणिक संस्थान एक ही प्राधिकरण के तहत आएंगे। जुलाई 2026 से मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम समाप्त हो जाएगा। नए अधिनियम के तहत गठित प्राधिकरण ही शैक्षणिक संस्थानों को मान्यता देगा जिससे शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी।



**6. हाल ही में किसे बिल्डथॉन 2025 का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है ?**

(A) नीरज चोपड़ा (B) शुभांशु शुक्ला

(C) अमिताभ बच्चन (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)** अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचने वाले पहले भारतीय शुभांशु शुक्ला को विकसित भारत बिल्डथॉन के ब्रांड एंबेसडर बनाए गए है। बिल्डथॉन अब तक का सबसे बड़ा स्कूल हैकथॉन है। जो देश के 1.5 लाख स्कूलों के एक करोड़ से अधिक छात्रो को चार विषयों के तहत प्रोटोटाइप बनाने ओर डिजाइन करने के लिए प्रेरित करेगा।



**7. हाल ही में किसे इंग्लिश प्रीमियर लीग का आधिकारिक एंबेसडर नियुक्त किया गया है ?**

(A) संजू सैमसन (B) रोहित शर्मा

(C) शिखर धवन (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** भारतीय क्रिकेटर संजू सैमसन को भारत में इंग्लिश प्रीमियर लीग का आधिकारिक एंबेसडर नियुक्त किया गया हैं। यह अपनी तरह की पहली नियुक्ति है जो भारत में क्रिकेट ओर फुटबॉल के बीच सेतु का काम करेगी। इंग्लिश प्रीमियर लीग एंबेसडर के अलावा सैमसन इंडियन सुपर लीग की एक प्रमुख टीम केरला ब्लास्टर्स एफसी के ब्रांड एंबेसडर भी है।



**8. हाल ही में किस राज्य ने पहाड़ी शहर इगतपुरी में एक नए फिल्म सिटी के लिए भूमि आवंटन को मूंजूरी दी है ?**

(A) गुजरात (B) महाराष्ट्र

(C) हरियाणा (D) कर्नाटक

**(B)** महाराष्ट्र सरकार ने नासिक जिले के पहाड़ी शहर इगतपुरी में एक नए फिल्म सिटी के लिए भूमि आवंटन को मंजूरी दे दी हैं। प्रस्तावित फिल्म सिटी मुंबई के दादासाहेब फाल्के चित्रनगरी की तर्ज पर बनाई जाएगी जो एक विशाल परिसर है, जिसमें इनडोर स्टूडियो, आउटडोर सेट और फिल्मों वे टेलीविजन शो के फिल्मांकन के लिए सुविधाए है।



**9. हाल ही में कहां IUCN वर्ल्ड कंजर्वेशन कांग्रेस 2025 हुई है ?**

(A) अबू धाबी (B) मुंबई

(C) दुबई (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** जैव विविधता संरक्षण में ऐतिहासिक कदम के रूप में भारत अब धाबी में आयोजित IUCN वर्ल्ड कंजर्वेशन कंग्रेस 2025 में अपनी पहली राष्ट्रीय रेड लिस्ट ऑफ एडेंजर्ड स्पीशीज का अनावरण किया। यह सूची भारत की अनूठी जैव विविधता को ध्यान में रखकर तैयार की गई है, जिसका उद्देश्य संकटग्रस्त प्रजातियों की पहचान करना ओर राष्ट्रीय संरक्षण प्राथमिकताओं को सशक्त बनाना है।




**10. हाल ही में किसे CEAT क्रिकेट रेटिंग अवार्ड्स में लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया है ?**

(A) ब्रायन लारा (B) बीएस चंद्रशेखर

(C) उपरोक्त दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** हाल ही में महान लेग स्पिनर बीए एस चंद्रशेचखर ओर महान बल्लेबाज ब्रायन लारा को मुंबई में सीएट क्रिकेट रेटिंग पुरस्कारों के दौरान लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान दिया गया। भारत के संजू सैमसन ओर वरूण चक्रवर्ती ने क्रमशः वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष टी20 अंतर्राष्ट्रीय बल्लेबाज ओर गेंदबाज का पुरस्कार हासिल किया।

